कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमाक:– शिविरा–मा/माध्य/शालादर्पण/60306(2)/2017–18/11 दिनांक 25.9.2017

समस्त संस्था प्रधान,
रा.मा.वि./रा.उ.मा.वि./मॉडल विद्यालय

विषयः– शाला दर्पण पर "रैली फॉर रिवर" के सम्बन्ध में शपथ लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या का ऑनलाईन संग्रहण बाबत।
प्रसंग:–शासन का पत्र प.24(38)/शिक्षा–6/2017/ दि. 22.9.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि "**रैली फॉर रिवर**" के अन्तर्गत विद्यालयों की प्रार्थना सभा में दिनांक 26.09.2017 को विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली जानी है। शपथ लेने वाले विद्यार्थियों, कार्मिको एवं अभिभावकों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग हेतु शालादर्पण/शालादर्शन पोर्टल पर दिनांक 26.9.2017 को विद्यालय टैब में "***ऑथ : रैली फॉर रिवर***" नाम से मॉड्यूल उपलब्ध रहेगा । उक्त मॉड्यूल में शपथ के तुरन्त बाद शपथ लेने वाले विद्यार्थियों, कार्मिकों तथा अभिभावको की संख्या दर्ज करनी है।

जिला शिक्षा अधिकारी लॉगिन में संख्या दर्ज करने वाले विद्यालयों की सूचना प्रदर्शित होगी। दोपहर 12:00 बजे तक समस्त विद्यालयों से सूचना दर्ज करवाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करे। इस संबंध में किसी प्रकार की समस्या समाधान हेतु निदेशालय स्थित माध्यमिक अनुभाग के दूरभाष नंबर 0151–2544043 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. सयुक्त शासन सचिव, (शिक्षा ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. समस्त उपनिदेशक (मा0शि0) को भेजकर लेख है कि अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रभावी प्रबोधन हेतु पाबन्द कर इस कार्यालय को सूचित करें ।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मा0शि0, प्रथम/द्वितीय राजस्थान एवं समस्त अति. जिला परियोजना समन्वयक, रमसा को विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर उक्त की प्रभावी मॉनिटरिंग करने हेतु प्रेषित है। इस उद्देश्य की एक रिपोर्ट आपके शालादर्पण लॉगईन पर लगाई गई है।
6. रक्षित पत्रावली।

25.9.17

। उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

www.rajteachers.com